फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

94, संसद भवन,

नई दिल्ली-110001

दिनांक 18.04.2023

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में मार्च, 2023 का मासिक सार।

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ मार्च, 2023 के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सार की प्रति अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

ह./-

(**मुकेश कुमार**)

**अवर सचिव, भारत सरकार**

**011-23034899**

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आज़ाद रोड़, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**भारत सरकार**
**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय का मार्च, 2023 का मासिक सार।**

1. **माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:-**

I. **बजट सत्र 2022 (सत्रहवीं लोक सभा का 11वां सत्र और राज्य सभा का 259वां सत्र (मध्यावकाश के बाद पुनः समवेत हुआ-:**

सोमवार, 13 फरवरी, 2023 को मध्यावकाश के लिए स्थगित किया गया सत्रहवीं लोक सभा का 11वां सत्र और राज्य सभा का 259वां सत्र (बजट सत्र, 2023) सोमवार, 13 मार्च, 2023 को पुनः समवेत हुआ।

II. **लोक सभा में पुरःस्थापित किए गए विधेयक**

1. अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023
2. जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023
3. जम्मू-कश्मीर विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023
4. विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023
5. विनियोग विधेयक, 2023
6. वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023

III. **लोक सभा द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. वित्त विधेयक, 2023
2. जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023
3. जम्मू-कश्मीर विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023
4. विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023
5. विनियोग विधेयक, 2023
6. प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2023

IV. **राज्य सभा द्वारा पारित किए/लौटाए गए विधेयक**

1. वित्त विधेयक, 2023
2. जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023
3. जम्मू-कश्मीर विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023
4. विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023
5. विनियोग विधेयक, 2023

V. **संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. वित्त विधेयक, 2023
2. जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023
3. जम्मू-कश्मीर विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023
4. विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023
5. विनियोग विधेयक, 2023

- **संसद में दिए गए आश्वासनों का कार्यान्वयन**

  मार्च, 2023 के दौरान, लोक सभा की कार्यवाही से 20 आश्वासनों को निकाला गया और राज्य सभा की कार्यवाही से 22 आश्वासनों को निकाला गया।

  मार्च, 2023 के दौरान, 44 कार्यान्वयन प्रतिवेदन लोक सभा के पटल पर और 38 (2 आंशिक) कार्यान्वयन प्रतिवेदन राज्य सभा के पटल पर रखे गए।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यकरण**

  मार्च, 2023 माह के दौरान –

  क. परामर्शदात्री समितियों की 16 बैठकें आयोजित की गईं।

  ख. 02 संसद सदस्यों का नाम उनकी मृत्यु/सेवानिवृत्ति के पश्चात परामर्शदात्री समिति से हटाया गया।

  उपरोक्त विवरण **अनुबंध - I** में दिया गया है।

- **लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में लोक सभा में नियम 377 और राज्य सभा में नियम 180 ए-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों की स्थिति निम्नानुसार है-:

| | **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामले** | **राज्य सभा में नियम 180-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामले** |
|---|---|---|
| दिनांक 01.03.2023 को लंबित मामले | 386 | 194 |
| माह के दौरान उठाए गए मामले | 240 | 000 |
| कुल लंबित मामले | 626 | 194 |
| माह के दौरान प्राप्त उत्तर | 104 | 033 |
| शेष मामले | **522** | **161** |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना**

क. मार्च, 2023 माह के दौरान, कुल 180 संस्थानों ने एनवाईपीएस पोर्टल पर पंजीकरण किया। 16 संस्थानों ने युवा संसद की बैठक आयोजित करने के बाद एनवाईपीएस पोर्टल पर पूर्णत: या आंशिक रूप से फोटो, वीडियो, रिपोर्ट, छात्रों का विवरण आदि अपलोड किया। इन युवा संसद बैठकों में 650 छात्रों ने भाग लिया।

ख. जवाहर नवोदय विद्यालयों के लिए 24वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 का परिणाम 07 मार्च, 2023 को घोषित किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय, नदिया (पश्चिम बंगाल)को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया।

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

मार्च, 2023 माह के दौरान नेवा के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियां की गईं:

**1.सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा डीएमईओ कार्यालय नीति आयोग का दौरा**

सीपीएमयू नेवा टीम ने 1 मार्च, 2023 को नीति भवन, नई दिल्ली में डीएमईओ, नीति आयोग टीम के साथ एक परिचायक बैठक की, जिसमें सभी विधानमंडलों को डिजिटल सदनों में परिवर्तित करने के लिए नेवा मिशन मोड परियोजना की मध्यावधि समीक्षा पर चर्चा की गई।

**2. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशाला**

सीपीएमयू नेवा टीम द्वारा 02 मार्च, 2023 को ओडिशा विधानसभा के लिए नेवा सॉफ्टवेयर में नए सुझावों चर्चा के संबंध में एक वीडियो आवश्यकताओं पर/कॉन्फ्रेंसिंग आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में ओडिशा विधानसभा के विभिन्न अधिकारियों ने भाग लिया।

**3. सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा हरियाणा विधानसभा का दौरा**

क. सीपीएमयू नेवा के 2 अधिकारियों ने 16 से 22 मार्च, 2023 के दौरान हरियाणा विधानसभा, चंडीगढ़ का दौरा किया ताकि विधानसभा को नेवा प्लेटफार्म का उपयोग करके अपने बजट सत्र के सफलतापूर्वक संचालन में सहायता मिल सके।

ख. नेवा एप्लिकेशन का प्रभावी उपयोग करने के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया।

**4. सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा मेघालय विधानसभा का दौरा**

सीपीएमयू नेवा के 2 अधिकारियों ने 20 से 28 मार्च, 2023 के दौरान मेघालय विधानसभा, शिलांग का दौरा किया ताकि विधानसभा को नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने सत्र के सफलतापूर्वक संचालन में सहायता मिल सके।

**5. जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अधिकारियों का दौरा**

जम्मू कश्मीर विधानसभा के अधिकारियों ने-20 मार्च, 2023 को जम्मू और कश्मीर विधानसभा में नेवा के कार्यान्वयन के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली का दौरा किया।

**6. सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा मिजोरम विधानसभा का दौरा**

क. सीपीएमयू नेवा के 2 अधिकारियों ने मिजोरम विधानसभा के अधिकारियों के साथ आयुक्त और सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक करने के लिए 22-24 मार्च, 2023 के दौरान मिजोरम विधानसभा का दौरा किया।

**7. सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद का दौरा**

सीपीएमयू नेवा के 2 अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद में नेवा के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करने के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक करने के लिए 27-29 मार्च, 2023 के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद का दौरा किया।

8. सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में 13, 20 और 28 मार्च, 2023 को नेवा पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। 28 मार्च, 2023 को हुई बैठक में उप महानिदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने भी भाग लिया, जिसमें सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने नेवा परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र से इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

**9. विभिन्न विधानसभाओं को नेवा प्लेटफार्म पर अपने-अपने सत्रों के संचालन हेतु दी गई सहायता**

सीपीएमयू नेवा टीम द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, मणिपुर और मिजोरम की विधानसभाओं को बाधारहित तरीके से नेवा प्लेटफार्म का उपयोग करने के लिए आवश्यक सहयोग दिया गया।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले

-शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन की स्वीकृति' के मामलों की संख्या

-शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

-शून्य-

5. ज़ारी स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)

गतिविधियां जारी हैं और उनका अनुवीक्षण किया जा रहा है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति

इस मंत्रालय के तत्वावधान में कोई स्वायत्त निकाय नहीं है।

7. शासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल और अनुप्रयोगों के उपयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी

- लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति स्थिति

वर्तमान में मंत्रालय में वरिष्ठ स्तर के सभी पद भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

**अनुबंध-I**

मार्च, **2023माह के दौरान आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठकों की सूची-:**

| क्र.सं. | दिन, दिनांक और समय | मंत्रालय | विषय | स्थान/टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बुधवार, 1 मार्च 2023 को दोपहर 3:00 बजे | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | "पीएमईजीपी" | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 2. | शनिवार, 4 मार्च 2023 को शाम 4:30 बजे | सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय | "मशीनीकृत सफाई एवं मैला ढोने वाले" | डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, 15, जनपथ, नई दिल्ली। |
| 3. | सोमवार, 6 मार्च 2023 को शाम 4:30 बजे | इस्पात मंत्रालय | द्वितीयक इस्पात क्लस्टर | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 4. | सोमवार, 13 मार्च 2023 को शाम 4:30 बजे | नागर विमानन मंत्रालय | ग्रीनिंग एयरपोर्ट्स | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 5. | बुधवार, 15 मार्च 2023 प्रातः 9:00 बजे | रसायन और उर्वरक मंत्रालय | "रसायन और पेट्रोरसायन - "आत्मनिर्भर भारत | समिति कक्ष-ग, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 6. | गुरुवार, 16 मार्च 2023 को शाम 6:00 बजे | उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय | "गुणवत्ता मानकों में सुधार" | समिति कक्ष-ग, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 7. | शनिवार, दिनांक 18 मार्च 2023 प्रातः 11:30 बजे | विदेश मंत्रालय | "भारत की जी-20 की अध्यक्षता" | जवाहर लाल नेहरू भवन (समिति कक्ष 1) गेट नं.1, सी-विंग, 26-डी, जनपथ, नई दिल्ली |
| 8. | बुधवार, 22 मार्च 2023 को शाम 4:30 बजे | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | "कृषि विज्ञान केंद्र" | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 9. | गुरुवार, 23 मार्च 2023 को प्रातः 9:30 बजे | ग्रामीण विकास मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय | "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना -डब्ल्यूडीसी) (पीएमकेएसवाई1.o और 2.0 का जल संभर विकास घटक" | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 10. | शुक्रवार, 24 मार्च 2023 को प्रातः 9:00 बजे | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | "प्रोजेक्ट चीता" | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 11. | सोमवार, 27 मार्च 2023 को प्रातः 9:30 बजे | श्रम और रोजगार मंत्रालय | "भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक" | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 12. | सोमवार, 27 मार्च 2023 को शाम 6:30 बजे | आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय | "स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छ भारत मिशन 2.0" | समिति कक्ष-ग, संसदीय सौध, नई दिल्ली |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | (एसबीएम और एसबीएम 2.0) | |
| 13. | बुधवार, 29 मार्च 2023 को प्रातः 9:00 बजे | सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय | केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 और भारत में समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार का कार्यकरण। | समिति कक्ष-ग, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 14. | बुधवार, 29 मार्च 2023 को प्रातः 9:15 बजे | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय | केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 15. | बुधवार, 29 मार्च 2023 को शाम 6:30 बजे | विद्युत् और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय | 2030 तक 500 जीडब्ल्यू नॉन फॉसिल फ्यूल कैपेसीटी हेतु ट्रांसमिशन प्लान। | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 16. | शुक्रवार, 31 मार्च 2023 दोपहर 12:30 बजे | भारी उद्योग मंत्रालय | आने वाले दशकों में थर्मल पॉवर की भूमिका | समिति कक्ष-घ, संसदीय सौध, नई दिल्ली |

**उन संसद सदस्यों का विवरण जिनके नामों को उनकी मृत्यु/सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र/अयोग्यता के कारण विभिन्न परामर्शदात्री समितियों से मार्च, 2023 के दौरान हटाया गया**

| **क्र.सं.** | **सांसद का नाम** | **जिस परामर्शदात्री समिति पर मनोनीत थे** | **लोक सभा में सदस्यता के लिए अयोग्यता की तारीख** | **परामर्शदात्री समिति से संसद सदस्य का नाम हटाए जाने की तारीख** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राहुल गांधी, संसद सदस्य (लोक सभा) | विदेश मंत्रालय | 24.03.2023 | 27.03.2023 |
| 2 | श्री फैजल पी.पी. मोहम्मद, संसद सदस्य (लोक सभा) | अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय | 13.01.2023 | 27.03.2023 |